# पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद के गिरफ्तार होने से टूट गया माओवादियों का हौसला

## बिहार के गया से गिरफ्तार माओवादी मिश्रा को रिमांड पर लेगी झारखंड पुलिस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** करीब पांच दशक के भाकपा माओवादी नक्सल इतिहास में अब बिहार समेत झारखंड के कुछ भागों में लीडरशिप खत्म हो गयी है। भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा के गिरफ्तार होने के बाद बिहार का कोई भी बड़ा चेहरा माओवादियों के संगठन में नही है।

पांच दशक के नक्सल इतिहास में झारखंड, बिहार और उत्तरी छत्तीसगढ़ के इलाके में बिहार के लीडरशिप का दबदबा रहा है। फिलहाल माओवादियों के संगठन में झारखंड, प. बंगाल और दक्षिण भारत के लीडरशिप का दबदबा है।



भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा (फाइल फोटो)।

पिछले एक वर्ष के आकंडों पर गौर कर करें, तो बिहार के के टॉप कमांडर मारे गये हैं या पकड़े गये हैं। पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा, सेंट्रल कमेटी सदस्य विजय आर्य, मिथिलेश मेहता, स्टेट एरिया कमेटी सदस्य मारकस उर्फ सौरव गिरफ्तार हुए हैं। बिहार के लीडरशि का सबसे बड़ा चेहरा सेंट्रल कमेटी सदस्य संदीप यादव की मौत हो गयी है। वहीं, स्टेट एरिया कमेटी सदस्य विमल यादव ने आत्मसमर्पण कर दिया है। झारखंड, बिहार और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों के भाकपा माओवादी की कमान पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा के पास है। जो अभी झारखंड में पुलिस अभियान के बाद भागते फिर रहा है। बिहार के गया जिले में गिरफ्तार माओवादी प्रमोद मिश्रा को झारखंड पुलिस रिमांड पर लेगी।

गौरतलब हो कि दो दशक पहले तक माओवादियो के संगठन में 71 पोलित ब्यूरो सदस्य हुआ करते थे, जिसमें से आधे आधे से अधिक बिहार के थे। पिछले दो दशक में बिहार के रहने वाले 28 से अधिक पोलित ब्यूरो और सेंट्रल कमेटी सदस्य पकड़े गये हैं। इसमें कई लोग जेल जा चुके हैं, जबकि कई सामान्य जीवन जी रहे हैं।

1970 के बाद बिहार के औरंगाबाद में रहने वाले जगदीश मास्टर, जहानाबाद के रहने वाले देव कुमार सिंह उर्फ अरविंद के नेतृत्व में नक्सल संगठनों का लीडरशिप पनपा था। उस दौरान नक्सली संगठनों के संस्थापक सदस्यों में कन्हाई चटर्जी और नारायण सान्याल ने दोनों का सहयोग किया था। जगदीश मास्टर एमसीसीआइ, जबकि देव कुमार सिंह उर्फ अरविंद ने पार्टी यूनिटी को खड़ा किया था। दोनों संगठन ने 2004 में विलय कर लिया था. 2018 में बूढ़ापहाड़ पर देव कुमार सिंह उर्फ अरविंद की बीमारी से मौत हो गयी थी।

### हो भाषा की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ लक्ष्मी पिंगुवा का निधन



**रांची।** महिला कॉलेज, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा में कार्यरत नीड असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ लक्ष्मी पिंगुवा का गुरूवार को ब्रेन हेमरेज से निधन हो गया। वे अपने पीछे पति व दो पुत्र छोड़ गयी हैं। इनके निधन पर असिस्टेंट प्रोफेसर कांट्रैक्टच्युल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एसके झा, डॉ सुमंत कुमार, डॉ रीझू नायक, डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो, डॉ अराधना तिवारी, डॉ अजयनाथ शाहदेव, डॉ रुपम, डॉ मिराकल टेटे, डॉ कंचन गिरी, डॉ शाहीना नाज, डॉ हरेंद्र पंडित, डॉ वासुदेव प्रजापति, डॉ किरण कुमारी, डॉ वसंत कुमार, डॉ दीपक कुमार, डॉ स्मिता कुमारी, डॉ प्रियव्रत पांडेय, डॉ हर्षवर्द्धन, डॉ गजनाफर अली, डॉ सोयब अंसारी, डॉ उम्मे कुलसूम, डॉ अजीत हांसदा, डॉ बिंदेश्वर साहू, डॉ देवेंद्र साहू आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## खबर एक नजर में

### सुनीता अग्रवाल के सिर सजा सावन क्वीन का ताज



**रांची।** नारनौलीय अग्रवाल संघ महिला समिति की ओर राजधानी रांची के खेलगांव में आयोजित सावन महोत्सव में सुनीता अग्रवाल सावन क्वीन चुनी गयीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगीता अग्रवाल ने की। सुनीता अग्रवाल ने सावन महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान महिलाओं के बीच मेहंदी लगाओ, अंताक्षरी, नृत्य समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर सुनीता अग्रवाल को सावन क्वीन चुना गया। महोत्सव में रीता अग्रवाल, अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल कोकर, सचिव संगीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, रानी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल स्टेट स्क्वायर, सुनीता अग्रवाल रातू रोड, सुनीता अग्रवाल हरमू, अनिता अग्रवाल, वीणा अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, उषा अग्रवाल, शशि अग्रवाल, अंजना अग्रवाल आदि ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

### हमारे भीतर हमारी आत्मा ही कोहिनूर है : सिद्वार्थ औलिया



**रांची।** कन्वेंशन सेंटर, दरभंगा हाउस में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ योग मैनेजमेंट, सेंट्रल कोलफील्ड, तथा ओशोधारा केंद्र के द्वारा शुक्रवार को तीन दिवसीय सत्संग की शुरूआत हुई। तीन दिवसीय सत्संग तथा आनंद प्रज्ञा के पहले दिन समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने 'आनंदित जीवन कैसे जिएं ' विषय पर प्रकाश डाला समर्थगुरू ने सहज शब्दों में आज के उलझन भरे जीवन को सुलझाते हुए आनंद पूर्वक जीने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया हमारे भीतर हमारी आत्मा ही कोहिनूर हीरा है जो आनद का स्रोत है। हम आत्मा हैं यही परम सत्य है। और उसे जानने के बाद दुख टिक नहीं सकता। उन्होंने गौतम बुद्ध के आठ अध्यायों को सरलता से समझाया जो जीवन को आनंद में बदलने का मंत्र है। सम्यक दृष्टि, सम्यक वाणी, सम्यक संकल्प, सम्यक स्वीकार आदि की चर्चा की तथा कुछ देर के लिए ध्यान का प्रयोग भी करवाया। उन्होंने पश्चिम के विचारकों की भी चर्चा की और बताया कि शिकायत से अहोभाव की यात्रा ही अध्यात्म है। प्रेम की शक्ति जितनी बढ़ती जाती है, जीवन से नकारात्मकता गायब होती जाती है। कार्यक्रम में शहर के बुद्धिजीवी, गणमान्य और जन साधारण विशाल संख्या में उपस्थित थे।

### अक्सा पावर के शोरूम का उद्घाटन



**रांची।** राजधानी के किशोरगंज चौक स्थित इनवर्टर और बैटरी का मल्टी ब्रांड अक्सा पावर के शोरूम का उद्घाटन शुक्रवार को प्रतिष्ठान के संचालक मो जावेद आलम की सुपुत्री अक्सा अख्तारी, नायरा अख्तरी द्वारा किया गया। इस मौके पर संचालक मो आलम ने कहा कि यहां विश्वस्तरीय गुणवत्ता युक्त मल्टी ब्रांड बैटरी ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेगी। जिसमें एक्साइड, लुमिनस, माइक्रोटेक, ओकाया एलाइव फास्ट, एमरोंन एलाइव गार्ड समेत अन्य ब्रांड की बैटरी शामिल है। उन्होंने बताया कि टू व्हीलर, फोर व्हीलर की भी बैटरी उचित मूल्य पर उपलब्ध है। साथ ही बजाज फाइनेंस की सुविधा ग्राहकों के लिए यहां उपलब्ध कराई गई है। उद्घाटन के मौके पर विशेष रूप से मो हनी ने कहा कि ग्राहकों को किफायती दर पर विभिन्न ब्रांड के बैटरी व इनवर्टर आदि अक्सा पावर शोरूम में उपलब्ध होंगे। मौके पर बैटरी निर्माता कंपनियों के अधिकारीगण, हीरालाल चौरसिया, मो. सिराजुद्दीन, मुकेश कुमार, अभिनंदन, राकेश, मनीष, कन्हैया, मनिरुद्दीन, मो मंसूर आलम आदि उपस्थित थे।

### श्वेत क्रांति के तहत 16 गोकुल की हुई स्थापना : रूपाला

**रांची।** केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला ने बताया कि 20वीं पशुधन संगणना 2019 के अनुसार देश में कुल 12.57करोड दुधारू पशु हैं। दरअसल, राज्यसभा में सांसद आदित्य साहू ने श्वेत क्रांति से संबंधित सवाल पूछा था। केंद्रीय मंत्री रूपाला ने बताया कि श्वेत क्रांति के तहत 16 गोकुल और 2राष्ट्रीय कामधेनु प्रजनन केंद्रों की स्थापना केलिये राज्य को निधि जारी की गई है। उन्होंने बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग देशी नस्लों के विकास और संरक्षण, बोवाइनों के आनुवंशिक उन्नयन तथा बोवाईनों की उत्पादकता और दूध उत्पादन को बढ़ाने केलिए वर्ष 2014से राष्ट्रीय गोकुल मिशन कार्यान्वित कर रहा है। जिसके तहत दूध उत्पादन और गोपशु पालकों की आय को बढ़ाने केलिये कई कदम उठाये गये हैं। जिसमे जिसमे कृत्रिम गभार्धान कवरेज के विस्तार केलिये राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम, देशी नस्लों के उच्च अनुवांशिक गुणवत्ता वाले सांडो के उत्पादन केलिये संतति परीक्षण आदि शामिल हैं।

### डीएवी कपिलदेव में जी -20 प्रेसीडेंसी समिट

**रांची।** एनइपी (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स तथा डी. ए. वी.कपिलदेव पब्लिक स्कूल, कडरू के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को कला प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रांची के 23 सीबीएसई स्कूलों ने भाग लिया । बच्चों में कला के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा शिक्षा में कला को समेकित करने हेतु इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के प्रेसिडेंट सह जवाहर विद्यामंदिर के प्राचार्य समरजीत जाना ने जी ट्वेंटी का अर्थ समझाया तथा बताया कि यह किस प्रकार छात्रों से जुड़ा है और किस प्रकार आज प्रासंगिक है। इस अवसर पर बोलते हुए डीएवी कपिलदेव के प्राचार्य एमके सिन्हा ने अपने स्वागत भाषण में जी-20 की थीम वन अर्थ,वन पर्सन और वन फ्यूचर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा सीखने का नाम है। हमें रोज नई-नई चीजें सीखनी चाहिए सीखी गई विद्या का प्रयोग सामाजिक जीवन में दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रिएटिविटी से सोच बढ़ती है और इससे व्यक्ति सीखता है। वरिष्ठ पत्रकार श्री मधुकर ने एकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें जाति, धर्म संप्रदाय के नाम पर भेदभाव से बचना चाहिए।

### बच्चे को जन्म देने के चार दिन बाद महिला दारोगा की मौत

**रांची।** पलामू जिला बल में पदस्थापित महिला दरोगा की रांची में इलाज के दौरान निधन हो गया। 2018 बैच की महिला दारोगा तारा सोरेंग का गुरुवार को मेडिका हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। बताया जा रहा है चार दिन पहले कटहल मोड़ के पास रिंची अस्पताल में बच्चे को जन्म दी थी। उसके बाद उनकी हालत लगातार बिगड़ने लगी थी। जिसके बाद उनके परिजनों ने उन्हें दो दिन पहले मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया था। इसी दौरान गुरुवार की देर रात उनकी मौत हो गई।



रांची में शुक्रवार को डुमरी उपचुनाव को लेकर मंथन करते भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी और आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो।

# रांची और हटिया से चलने वाली कुछ ट्रेनों के रूट में बदलाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची रेल मंडल से चलने वाली कुछ ट्रेनों के रूट मे बदलाव किया गया है। जबकि कुछ ट्रेनों को निश्चित समय के लिए परिचालन बाधित किया गया है। रेलवे ने ये निर्णय दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के कारण लिया है। यहां आद्रा मंडल में रोलिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। ऐसे मे ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर- हटिया की यात्रा 14, 16, 18 और 20 अगस्त को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला, मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडा बिहार, मूरी होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 18036 हटिया- खड़गपुर एक्सप्रेस 14 और 16 अगस्त को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर तीन घंटे देर से चलेगी। ट्रेन संख्या 18036 हटिया- खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन 18, 19 और 20 अगस्त को अपने निर्धारित समय से दो घंटे देर से चलेगी। ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर- हटिया एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 18 और 20 अगस्त को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर एक घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 18035 और 18036 खड़गपुर हटिया खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन 17 अगस्त को आद्रा हटिया आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा।

**कई ट्रेनों का परिचालन रहेगा बंद**

# कॉमर्स योग्यताधारी टीचर सामाजिक विज्ञान शिक्षक के रूप में जाने जायेंगे

**कॉमर्स योग्यताधारी शिक्षकों को सामाजिक विज्ञान में शामिल कर प्रोन्नति दिये जाने की अधिसूचना जारी**

खबर मंत्र संवाददाता

**रांची।** कॉमर्स योग्यताधारी शिक्षकों को सामाजिक विज्ञान में शामिल कर प्रोन्नति की अधिसूचना सरकार ने जारी कर दी । ज्ञात हो की सरकार ने जो प्रारंभिक विद्यालयों के लिए बहाली निकाली हैं, उसमें कॉमर्स योगिताधरी को सामाजिक विज्ञान शिक्षक के रूप में शामिल किया है।

प्रारंभिक विद्यालयों के वाणिज्य (कॉमर्स) स्नातक प्राथमिक शिक्षकों को ग्रेड 4 के पद में प्रोन्नत करने की विभागीय निर्णय को झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने स्वागत किया है। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने संयुक्त रूप से कहा कि विगत 30 वर्षो से प्रोन्नति नियमावली में संशोधन करने की मांग राज्य के विभिन्न शिक्षक संघ के द्वारा किया जाता रहा था, जिसका परिणाम आज प्राप्त हुआ है और राज्य के कॉमर्स शिक्षकों को भी प्रोन्नति मिलने का मार्ग प्रसस्त हुआ है। वर्षों बाद संघर्ष के विभिन्न आयामों के पश्चात कॉमर्स शिक्षकों को मिले उनके अधिकार के लिए विभाग एवं सरकार के साथ-साथ संघर्षरत सभी शिक्षक प्रतिनिधियों के प्रति मोर्चा के संयोजक मंडल के सदस्य विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद, आशुतोष कुमार, समीर श्रीवास्तव, अरुण कुमार दास, अजय कुमार, सोमेश मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव, मकसूद जफर हादी, मो फखरूद्दीन, एनामुल हक, तौहीद आलम, राकिम अहसन, असरार अहमद, शहजाद अनवर, सरवर आलम,ओमप्रकाश मिश्रा, नागेंद्र तिवारी, रामापति पांडेय, राजेश सिन्हा, सहित राज्य के तमाम शिक्षक प्रतिनिधियों ने खुशी जाहिर करते हुए अन्य लंबित मांगों को राज्य के शिक्षक हित में यथा शीघ्र पूरा करने की मांग की है।



झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के सदस्य।

# कैंब्रिज पॉलीटेक्निक में किया गया पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ समाज की परिकल्पना को लेकर कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलीटेक्निक (सीआइपी) बहैया में शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने बृहद पैमाने पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के सचिव नवनीत सिंह थे। मौके पर नवनीत सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण की शुद्धता ही स्वस्थ समाज का आधार है। प्रभारी प्राचार्य प्रो भोलानाथ घोष ने पर्यावरण संरक्षण एवं संबर्द्धन पर विशेष जोर देते हुए लोगों को भी पौधरोपण के प्रति जागरूक होने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान फलदार वृक्षों के अलावे इमारती लकड़ियों के वृक्ष के पौधे भी लगाये गये हैं। इस दौरान शिक्षक प्रो आशीष रंजन, प्रो जयदेव कुंभकार, प्रो हेमंत कुमार प्रियदर्शी, प्रो विकास कुमार आदि मौजूद रहे।



कैंब्रिज पॉलीटेक्निक में पौधरोपण में शामिल लोग।

# कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में शुक्रवार को इंटर हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के कंप्यूटर विभाग द्वारा 'विल एआइ रिप्लेस ह्यूमंस' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में नवीं और ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने कृत्रिम मेधा की आवश्यकता और सीमाओं पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किये। इस प्रतियोगिता में ग्रुप ए में गोदावरी हाउस के सत्यम की टीम प्रथम, यमुना हाउस के शुभम कुमार की टीम द्वितीय और गंगा हाउस के अभिषेक सिंह, इशिका और दियाश्री की टीम तृतीय स्थान पर रही। मौके पर प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने कहा कि वर्तमान युग तकनीक का युग है। इस युग में कई बड़े अनुसंधान और आविष्कार हुए हैं, जिनमें कृत्रिम मेधा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा काफी उपयोगी और फायदेमंद है। लेकिन, इसका उपयोग पूरी सतर्कता और आवश्यकता के अनुरूप किया जाना चाहिए। कंप्यूटर शिक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने दैनिक जीवन में कृत्रिम मेधा की आवश्यकता, उपयोगिता एवं सतर्कता पर प्रकाश डाला। परीक्षा नियंत्रक शिवव्रत दास और एसटीएनसी सिराजुद्दीन पंडित ने प्रतियोगिता में बतौर निर्णायक अपनी भूमिका निभायी। छात्र अनमोल राज ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे।



वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेता छात्र।

# सरला बिरला स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स डे 'वात्सल्यम' का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बच्चों के समग्र विकास के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने शुक्रवार को ग्रैंड पैरेंट्स डे 'वात्सल्यम-2023' मनाया। विद्यालय के केजी-2 के बच्चों ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल पर आधारित बहुत ही शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो (डॉ) पंकज कुमार चतुर्वेदी, डीन सह प्राचार्य, छोटानागपुर लॉ कॉलेज, रांची विश्वविद्यालय, रांची थे।

कार्यक्रम की शुरुआत गण्यमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। केजी 2-ई के छात्रों ने 'रेनबो ऑफ इक्वलिटी' विषय पर प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में एसडीजी नंबर - 5 लैंगिक समानता को दशार्या गया। इंद्रधनुषी रंग की पोशाक पहने बच्चों ने अपने सुंदर कदमों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद केजी 2-ए के बच्चों ने 'शेयरिंग इज केयरिंग' थीम पर कार्यक्रम के माध्यम से सभी के प्रति उदार होने की आवश्यकता पर बल दिया। केजी 2-डी के छात्रों ने 'जलवायु संरक्षण' विषय पर एक आकर्षक प्रदर्शन किया, जिसमें जलवायु परिस्थितियों पर मानवीय क्रियाकलापों के प्रभाव को दशार्या गया। केजी 2-सी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'जस्टिस लीग' थीम पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम ने एसडीजी-16- शांति, न्याय और मजबूत संस्थानों का संदेश दिया। केजी 2-बी के छात्रों ने 'वी आर द वर्ल्ड' गीत के माध्यम से एकता और अखंडता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम उपस्थित ग्रैंड पैरेंट्स के लिए अपने पोते-पोतियों में प्रतिभा और परंपरा के मिश्रण को देखने का एक अविस्मरणीय क्षण था। मुख्य अतिथि प्रो (डॉ) पंकज कुमार चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय की मांग हैं। यह बच्चों को अपने बड़ों का सम्मान करना सीखाने के साथ-साथ अपने रचनात्मक कौशल विकसित करने का भी एक तरीका है। उन्होंने जीरो हंगर पर प्रस्तुत कार्यक्रम की बेहद प्रशंसा की और सभी से अनुरोध किया कि वे अपनी थाली सोच-समझकर भरें, ताकि हमारे समाज में कोई भी खाली पेट न सोये।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रत्येक वर्ष ऐसे प्रासंगिक विषयों पर इस तरह कार्यक्रम के संचालन के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि बुजुर्ग बच्चों के जीवन में गलतियों को मिटाने वाले इरेजर की तरह होते हैं, इसलिए बच्चों को उन बड़ों का सम्मान करना सीखना चाहिए। उन्होंने बच्चों के भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्ट इंटीग्रेटेड शिक्षण का हिस्सा है, जो उनमें जीवन मूल्यों को बढ़ाने में तथा स्थिति का विश्लेषण कर समस्या का समाधान करने में मददगार होगा।





'वात्सल्यम' में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा
ई0 निविदा आमंत्रण सूचना
ई0 निविदा संख्या– WRD/MIDIV GARHWA/ 05-F2/2023-24

पत्रांक – 670 / गढ़वा, दिनांक – 11.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मझिगांव मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य, प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 97,03,863.00 / – (संतान्बे लाख तीन हजार आठ सौ तिरसठ रू0) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 10,000.00 (दस हजार रू0) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 18.08.2023 11:00 AM |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 31.08.2023 05:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 02.09.2023 11:00 AM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.09.2023 03:00 PM |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>मो0– 7765955362 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर।<br>3. कार्यलपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमण्डल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 304507 Minor Irrigation(23-24)D



### कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 22 / 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 18.08.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 19.08.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 19.08.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– 15वें वित्त आयोग, जिला परिषद निधि एवं DMFT

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ईचाक | ग्राम डुमरौन में नकरी नाला में पुलिया निर्माण। | 2454000.00 | 5000.00 | 50000.00 | छः माह |
| 2 | सदर | सुशील कॉलौनी नं0–02 के आवास सं0–07 की आवश्यक मरम्मति कार्य। | 599300.00 | 1250.00 | 12000.00 | तीन माह |
| 3 | चुरचू | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बासाडीह के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 1467100.00 | 2500.00 | 30000.00 | छः माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 304458 (District) 23-24 (D)



### कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा इच्छुक व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि " टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत अम्बेडकर चौक के पास निर्मित कुल 40 (चालीस) अदद दुकान" को किराया / लीज पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए **दिनांक 12 / 08 / 2023 से दिनांक 26 / 08 / 2023 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)** आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है :–

शर्त :–
1. कुल दुकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से दूकान का आवंटन किया जायेगा। दुकान आवंटित नहीं होने के स्थिति में जमा अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।
2. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकेगें एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदकर्ता को आवेदन के साथ मो0 1,00,000 / – (एक लाख रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. एक आवेदकर्ता के नाम से एक ही दुकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दुकान आवंटित है, उसे दुकान आवंटित नहीं की जायेगी। कार्यालय को दिगभ्रमित करने, तत्पश्चात् दुकान आवंटित होने की स्थिति में, दुकान आवंटन को रद्द कर दिया जायेगा। जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आश्य का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सरकारी सेवा / उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दुकान आवंटित नहीं की जायेगी।
5. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र / पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा। दुकान आवंटित होने के पश्चात् मासिक किराया 8.75 पैस प्रति स्क्वायर फीट के अलावा सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
7. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 304449 (District) 23-24 (D)

# टी20 टीम में विराट कोहली की गैरमौजूदगी पर रोहित ने दी सफाई



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली 2022 विश्व कप के बाद से मेन इन ब्लू टी20 टीम से बाहर हैं। दोनों सीनियर बल्लेबाजों को हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी दो वनडे मैचों के दौरान भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था और उन्हें श्रृंखला के टी20 चरण के लिए भी नहीं चुना गया था। हाल ही में बातचीत में रोहित शर्मा ने स्पष्ट किया है कि दोनों को वेस्टइंडीज के लिए भारतीय टीम की टी20 टीम के लिए क्यों नहीं चुना गया। रोहित शर्मा ने कहा, 'पिछले साल भी हमने यही किया था - टी20 वर्ल्ड कप था, इसलिए हमने वनडे क्रिकेट नहीं खेला। अब भी हम वही कर रहे हैं, वनडे वर्ल्ड कप है इसलिए हम टी20 नहीं खेल रहे हैं।' 'आप सब कुछ खेलकर विश्व कप के लिए तैयार नहीं रह सकते। हमने दो साल पहले यह निर्णय लिया था। रवींद्र जडेजा भी टी20 नहीं खेल रहे हैं, आपने उनके बारे में नहीं पूछा? मैं फोकस (खुद पर और विराट पर) के बारे में समझता हूं। लेकिन जडेजा भी नहीं खेल रहे हैं।'

भारतीय कप्तान ने यह भी स्वीकार किया कि टीम को एकदिवसीय विश्व कप से पहले नंबर चार के स्थान को लेकर समस्या है। उन्होंने कहा कि चोटों के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा, 'देखिए, नंबर 4 हमारे लिए लंबे समय से एक मुद्दा रहा है।'

2019 एकदिवसीय विश्व कप के अंत के बाद से भारत ने चौथे नंबर पर 11 से अधिक खिलाड़ियों को खिलाया है, केवल श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत ने 10 से अधिक पारियां खेली हैं। जहां ऋषभ पंत विश्व कप से बाहर हो गए हैं, वहीं श्रेयस अय्यर पीठ की चोट के कारण अभी तक वापसी नहीं कर पाए हैं। भारतीय कप्तान ने वनडे क्रिकेट में नंबर 4 स्थान पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए श्रेयस अय्यर की भी प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है और उनके नंबर वास्तव में अच्छे हैं। दुर्भाग्य से चोटों ने उन्हें थोड़ी परेशानी दी है, वह कुछ समय से बाहर हैं और ईमानदारी से कहें तो पिछले 4-5 वर्षों में यही हुआ है।'

# झारखंड ओलंपिक संघ ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

## सिलवानुस डुंगडुंग और असुंता लकड़ा को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

### कुल 256 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

### लवली चौबे और रूपा रानी तिर्की को मिला सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट का सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड ओलंपिक संघ (जेओए) की ओर से राज्य का मान बढ़ाने वाले अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को नामकुम स्थित आरके आनंद लॉन बॉल्स परिसर में झारखंड स्टेट अवार्ड्स कार्यक्रम के तहत 256 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह में सत्र 2022-23 में अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र दिये गये। पूर्व ओलिंपियन सिलवानुस डुंगडुंग और भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला। सर्वश्रेष्ठ एथलीट महिलाएं का अवार्ड लॉन बॉल की अंतरराष्ट्रीय प्लेयर लवली चौबे और रूपा रानी तिर्की को दिया गया।

**हॉकी में 71 खिलाड़ियों को मिला सम्मान :** बेस्ट प्रॉमिसिंग एथलीट का अवार्ड अंडर 17 फुटबॉल वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की अगुवाई करने वाली अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर अष्टम उरांव, जूनियर एथलेटिक्स में गोल्ड जीतने वाली अंतरराष्ट्रीय एथलीट आशा किरण बारला और कॉमनवेल्थ गेम्स में ब्रांज जीतने वाली हॉकी की अंतरराष्ट्रीय प्लेयर संगीता कुमारी को दिया गया। इसके अलावा नेशनल मेडलिस्ट एथलेटिक्स में 15, आर्चरी में 28, हॉकी में 71, रेसलिंग में 15, वुशु में 29, कराटे में 4, रग्बी में 12, ताइक्वांडो में 5, हैंडबॉल में 10, नेटबॉल में 8, साइकिलिंग में 6 और योगासन में 10 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। 36वें नेशनल गेम्स में पदक जीतने वाले 22 खिलाड़ियों और इंटरनेशनल स्तर पर पदक जीतने वाले 14 खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

### इन्हें मिला अवार्ड

- सर्वश्रेष्ठ एथलीट महिलाएं : लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की
- बेस्ट प्रॉमिसिंग एथलीट : अष्टम उरांव, आशा किरण बारला, संगीता कुमारी
- लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड पुरुषः सिलवानुस डुंगडुंग
- लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड महिला : असुंता लकड़ा
- लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड इन स्पोर्ट्स जर्नलिज्म : भांति मिश्रा
- लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड इन स्पोर्ट्स एडमिनिस्ट्रेशन : प्रभाकर राव
- लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड इन स्पोर्ट्स प्रमोटर्स : फरजान हीरजी
- बेस्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन : हॉकी झारखंड
- बेस्ट डिस्ट्रिक्ट ओलिंपिक एसोसिएशन : देवघर
- बेस्ट इंस्टीट्यूट फॉर स्पोर्ट्स प्रमोशन : सीसीएल
- बेस्ट स्पोर्ट्स प्रमोटिंग स्कूल : डीएवी पब्लिक स्कूल
- बेस्ट स्पोर्ट्स प्रमोटिंग यूनिवर्सिटी : रांची यूनिवर्सिटी
- बेस्ट इनोवेटिव स्पोर्ट्स अवार्ड : डिपार्टमेंट ऑफ स्पोर्ट्स एंड यूथ अफेयर्स
- बेस्ट कोच महिला : पूर्णिमा महतो
- बेस्ट कोच पुरुष : डॉ मधुकांत पाठक

**समारोह में मौजूद थे आरके आनंद :** समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जेओए के अध्यक्ष आरके आनंद, जेओए के महासचिव मधुकांत पाठक, रांची यूनिवर्सिटी के वीसी अजीत कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र सौंपे। इस मौके पर शेखर बोस, हाशमी, मानस, गुलाम, शिवेंद्र, अनिल, शामिल थे।

# ऑल इंडिया ओपन ब्रिज प्रतियोगिता की शुरुआत

**रांची।** ऑल इंडिया ओपन ब्रिज प्रतियोगिता की शुरूआत शुक्रवार को यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी में किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से 140 प्रतिभागी विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं। इस प्रतियोगिता में मास्टर पेयर, डुप्लीकेट,प्रोग्रेसिव, कुल तीन तरह के खेलों में भाग ले रहें हैं। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगित के पहले दिन कुल 56 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के डायरेक्टर तपन कुमार प्रतिहार है। इससे पूर्व यूनियन क्लब के अध्यक्ष ज्योतिर्मयी चौधरी ने 49 ऑल इंडिया ओपन ब्रिज टूनार्मेंट का स्वागत भाषण के माध्यम से उद्घाटन किया। मंच संचालन राम चटर्जी ने किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रवीर लहिरी के देखरेख में किया गया है।

# राकेश तिर्की ने देश के लिए जीता कांस्य पदक



**रांची।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आगाज हुआ। यह प्रतियोगिता विश्व कराटे संघ के जज एवं रेफरीयो के द्वारा संचालित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विश्व भर से कई अंतरराष्ट्रीय एवं भारत देश के राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन भारतीय कराटे टीम में झारखंड से शामिल राकेश तिर्की ने काता में नेपाल के खिलाड़ी को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। राकेश तिर्की के पदक जीतने पर कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा ने पदक पहना कर प्रोत्साहित किया। गौरतलब हो कि राकेश तिर्की रांची संत जोसफ क्लब में पिछले 15 वर्षों से प्रशिक्षण ले रहे हैं पिछले कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। शिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोप्ता ने राकेश तिर्की को बधाई देते हुए कहा कि राकेश तिर्की ने राज्य का ही नहीं देश का भी गौरव बढ़ाया है।

# मलेशिया गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 6-2 से हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में

**चेन्नई।** मलेशिया ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए शुक्रवार को यहां गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 6-2 से हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। मलेशिया की तरफ से फैजल सारी, शेलो सिल्वरियस, अबू कमाल अजराई और नजमी जाजलान ने जबकि कोरिया के लिए वू चेओन जी और कप्तान जोंगह्युन जांग ने गोल किए।

# खेल मंत्रालय ने हांग्जो जाने वाले छह ग्रीको-रोमन पहलवानों को विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिए रोमानिया भेजा



**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय ने एशियाई खेलों में हिस्सा ले रहे छह ग्रीको-रोमन पहलवानों को तीन सहयोगी स्टाफ सदस्यों के साथ 15 दिनों के विशेष प्रशिक्षण और प्रतियोगिता शिविर के लिए रोमानिया भेजा है। रोमानिया में इस शिविर के लिए जिन छह ग्रीको-रोमन पहलवानों को चुना गया है, उनमें ज्ञानेंद्र (60 किग्रा), नीरज (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), नरिंदर चीमा (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) हैं। एशियाई खेलों के लिए जाने वाले छह पहलवान रोमानिया के लिए रवाना हो गए हैं और मंत्रालय की 'एनएसएफ योजना की सहायता' के तहत प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस दौरान, टीम 18 से 20 अगस्त तक इओन कॉर्नियानु और लैडिस्लाऊ साइमन कार्यक्रम में भी भाग लेगी। मंत्रालय ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय दौरा 15 दिनों की अवधि तक चलेगा, जिसमें टीम की प्रशिक्षण लागत, साथ ही बोर्डिंग/लॉजिंग लागत, हवाई किराया, वीजा लागत और आउट ऑफ पॉकेट अलाउंस (ओपीए) सहित अन्य खर्चों को कवर किया जाएगा।

# विश्व कप में शाकिब करेंगे बंगलादेश की कप्तानी

**ढाका।** शाकिब अल हसन सितंबर में होने वाले एशिया कप और उसके बाद अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिये वनडे क्रिकेट में बंगलादेश की कप्तानी करेंगे। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। नजमुल ने अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा, हमने शाकिब को एशिया कप और विश्व कप के लिये कप्तान नियुक्त किया है। चयनकर्ता 17 सदस्यों की टीम चुनेंगे।

# जापान को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा स्वीडन

**ऑकलैंड।** स्वीडन ने फीफा महिला विश्वकप 2023 के एकतरफा क्वार्टरफाइनल में पूर्व विश्व विजेता जापान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ईडन पार्क पर खेले गये दूसरे क्वार्टरफाइनल में अमांडा इलेस्टेड (32वां मिनट) और फिलिपा एंजलडेल (51वां मिनट) के गोलों से स्वीडन ने 2-0 की मजबूत बढ़त बना ली।सेमीफाइनल में स्वीडन का सामना स्पेन से होगा।

# सलमा के गोल से सेमीफाइनल में स्पेन

**वेलिंगटन।** स्पेन ने अतिरिक्त समय में सलमा पैरालुएलो के निर्णायक गोल की बदौलत फीफा महिला विश्व कप 2023 के क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड को 2-1 से हराकर पहली बार टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में मारियोना काल्डेंटी ने 81वें मिनट में पेनल्टी पर स्पेन का पहला गोल किया, लेकिन स्टेफनी वैन डर ग्रैट (90+1वां मिनट) ने नीदरलैंड के लिये गोल जमाकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया।

# अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय पदक विजेता पहलवानों को किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड ओलिंपिक संघ के द्वारा झारखंड के तत्वावधान में आर के आनंद बॉल्स ग्रीन स्टेडियम नामकुम में झारखंड ओलंपिक संघ के द्वारा झारखंड के अंतरराष्ट्रीय में राष्ट्रीय पदक विजेता कुश्ती खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले पहलवान आदित्य कुमार गौरव,चंचला कुमारी, रंजीत कुमार,राहुल कुमार, अंजीत मुंडा,रोशन कुमार साह, आकाश कुमार महतो,विकास कुमार, अरविंद उरांव, अनूप कुमार, स्नेहा कुमारी, सिमरन बिलचन मिंज, खुशबू तिर्की, प्रियंका महतो शामिल है। झारखंड के अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय पदक विजेता पहलवानों को सम्मानित किए जाने पर झारखंड राज्य कुश्ती परिवार की तरफ से बधाइयां दी है।

# आई-लीग के अगले सत्र में आइएसएल प्रमोशन की दौड़ में 13 टीमें

**नयी दिल्ली।** आई-लीग 2023-24 सत्र के आयोजन में 13 टीमों के बीच राउंड रोबिन चरण में कुल 156 मैच खेले जायेंगे और लीग की अंक तालिका की शीर्ष टीम के पास इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में जगह बनाने का मौका होगा। इस दौरान प्रत्येक टीम 24 मैच खेलेगी, जिसमें से 12 मुकाबले उसके घरेलू मैदान पर होंगे।

# शोरे ने दिल्ली छोड़ विदर्भ का दामन थामा और राणा ने भी मांगी एनओसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली क्रिकेट के लिए मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं क्योंकि पूर्व कप्तान नितीश राणा और पिछले साल रणजी ट्रॉफी में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ध्रुव शोरे ने आगामी घरेलू सत्र के दौरान अन्य टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए डीडीसीए से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग की है। डीडीसीए (दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ) में बहुत से लोग अभी इस बात से अनजान हैं कि लाल गेंद के विशेषज्ञ शोरे ने पहले ही विदर्भ क्रिकेट संघ (वीसीए) के साथ एक पेशेवर के रूप में अनुबंध पर हस्ताक्षर कर लिया है। इस कदम से वह जाहिर तौर पर अपनी मैच फीस से अधिक की कमाई कर सकेंगे।

# लगातार तीसरे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट, घटकर 601.45 अरब डॉलर पर

**मुंबई/नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे हफ्ते गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अगस्त को समाप्त हफ्ते में 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.45 अरब डॉलर रह गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि चार अगस्त को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.45 अरब डॉलर रह गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 3.16 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 603.87 अरब डॉलर रह गया था। वहीं, विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 1.93 अरब डॉलर घटकर 533.40 अरब डॉलर रह गई। रिजर्व बैंक के मुताबिक इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 22.4 करोड़ डॉलर घटकर 44.68 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 17.1 करोड़ डॉलर घटकर 18.27 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 8.6 करोड़ डॉलर घटकर 5.09 अरब डॉलर रह गया है।

# देश का औद्योगिक उत्पादन जून महीने में 3.7 फीसदी बढ़ा


**नई दिल्ली।** देश में औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार में सुस्ती दर्ज की गई है। जून महीने में औद्योगिक उत्पादन 3.7 फीसदी बढ़ा है, जो तीन महीने का निचला स्तर है। पिछले महीने मई में 5.2 फीसदी बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन जून महीने में 3.7 फीसदी बढ़ा है। पिछले साल इसी अवधि के दौरान इसमें 12.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज थी। औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन से धीमी पड़ी है। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन जून, 2023 में 3.1 फीसदी बढ़ा है, जो पिछले साल इसी अवधि में 12.9 फीसदी था। खनन क्षेत्र का उत्पादन जून में 7.6 फीसदी रहा है, बिजली क्षेत्र के उत्पादन में 4.2 फीसदी की वृद्धि हुई है। आंकड़ों के अनुसार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में अप्रैल-जून के दौरान 4.5 फीसदी की वृद्धि हुई, जो 2022 की इसी तिमाही में 12.9 फीसदी थी।

# इस दशक के अंत तक भारत में इवी की सालाना बिक्री 10 लाख इकाई होगी : टाटा मोटर्स

**नयी दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को कहा कि इस दशक के अंत तक भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की सालाना बिक्री का आंकड़ा 10 लाख इकाई को पार कर सकता है। कंपनी को इस दौरान अपनी कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहन की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत पर पहुंचने की उम्मीद है। देश की प्रमुख वाहन कंपनी वर्तमान में तिमाही आधार पर अपनी कुल बिक्री का 14-15 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों से प्राप्त करती है। कंपनी ने एक लाख इलेक्ट्रिक वाहनों की कुल बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है।

# कर्ज में डूबे देशों की मदद के लिए अमीर देशों के नेतृत्व में हो ठोस प्रयास : सीतारमण

एजेंसी





**मुंबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमीर देशों के नेतृत्व में ठोस वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया ताकि कर्ज में डूबे देशों की ऐसे समय में मदद की जा सके।

सीतारमण ने शुक्रवार को वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से आयोजित जी-20 के एक ऑनलाइन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमने हाल के वर्षों में इतनी बड़ी चुनौतियां कभी नहीं देखीं। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि भू-राजनीतिक मतभेद अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रभावित न करें। यही जी-20 समूह और शिखर सम्मेलन की मुख्य अवधारणा है।

वित्त मंत्री ने बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने की खातिर ठोस प्रयासों का आह्वान करते हुए कहा कि जी-20 का एजेंडा सभी के लिए बेहतर कल तैयार करना है। उन्होंने कहा कि बहुपक्षवाद की चुनौतियों से उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समाधान ढूंढने के लिए लगातार प्रयास जरूरी है। जी-20 ने गरीब देशों के कर्ज की समस्या का स्थायी समाधान खोजने के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया है।

# सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.73 फीसदी बढ़कर 6.53 लाख करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अबतक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.53 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 15.73 फीसदी ज्यादा है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 10 अगस्त तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 15.73 फीसदी बढ़कर 6.53 लाख करोड़ रुपये रहा है। रिफंड समायोजित करने के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 5.84 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 17.33 फीसदी अधिक है।

# कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का भाव 87 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन की शुरूआत में ब्रेंट क्रूड 0.04 डॉलर यानी 0.05 फीसदी की गिरावट के साथ 86.37 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.03 डॉलर यानी 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ 82.79 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# चार पंचायतों में कोसी नदी का पानी घुसा, बढ़ी परेशानी

एजेंसी



**पूर्णिया।** मूसलाधार बारिश की वजह से पूर्णिया के नगर प्रखंड के पंचायत के 12 गांवों की चार पंचायतों में कोसी नदी का पानी घुस गया। इससे राज बन भाग चूनापुर, परोरा, गणेशपुर, बिठनौली पूर्व, बिठनौली पश्चिम, गोकुलपुर, काझा गांव की सड़कें पानी से भर गई। गांवों में भी घुटने भर गया है। खेतों में खड़ी धान की फसलें बारिश के पानी में डूब गई हैं। जब धान की फसल खेत में सूखने लगी थी तो किसानों ने इसे सिंचाई कर बचाया था । अब रविवार से गुरुवार शाम तक हुई बारिश ने धान की फसल हो बर्बाद कर दिया। अब यह बारिश का पानी खेतों से होते हुए गांवों में घुसने लगा है।

बन भाग परोरा पंचायत के दर्जनों घर पानी में डूब गए हैं। लोग सड़कों व रेलवे की पटरी पर शरण लिए हुए हैं और पानी के कम होने का इंतजार कर रहे हैं। जिला परिषद सदस्य देशबंधु कुमार उर्फ बुलबुल ने बताया कि घर में पानी घूस जाने के कारण भोजन भी नहीं पक रहा है। लोग मूढ़ी चुरा पर निर्भर हो गए हैं। परोरा में नाला का निर्माण हो चुका है फिर भी पानी निकासी का इंतजाम नहीं कराया गया है ।

पानी की निकासी के नाले को नहर से जोडा.गया है लेकिन नाले के रास्ते नहरी पानी घरों में घूस रहा है। बनभाग निवासी ग्रामीण शबाना खातून , मो इस्ताबुर, रहीना खातून, राज कुमार यादव, बीरबल ,महेश, मो मुबस्सिर, जुबैदा ने कहा कि सरकार जल जमाव से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति करे।

# अपहृत नाबालिग लड़की महाराष्ट्र से बरामद

**पूर्वी चंपारण।** जिले के कल्यापुर थाना क्षेत्र के मठ गोवर्धन से अपहृत मुजफ्फरपुर की एक नाबालिग लड़की को मोतिहारी पुलिस महाराष्ट्र से बरामद किया है। जिस नाबालिग लड़की को पुलिस ने बरामद किया है उसके माता-पिता एक अज्ञात शव को बेटी होने का दावा किया था।

पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस द्वारा पचपकड़ी से एक अज्ञात शव की पहचान के दौरान नाबालिग युवती का दावा इनके माता-पिता द्वारा किया गया था। इसके बाद बरामद अज्ञात शव और अपहृत के माता-पिता के डीएनए सैंपलिंग कराकर विधि-ज्ञान प्रयोगशाला को भेजा गया। इसी बीच चकिया डीएसपी सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित एसआईटी को उक्त नाबालिग के महाराष्ट्र में होने की सूचना प्राप्त हुई। टीम ने इस नाबालिग को महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग से बरामद कर लिया।

टीम में डीएसपी के अतिरिक्त पुलिस निरीक्षक गौरी कुमारी केसरिया, कल्याणपुर थाना प्रभारी रोहित कुमार, सब इंस्पेक्टर मनीषा कुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार शामिल थे।

# अस्पताल से गायब बच्चा बरामद

**पूर्णिया।** पूर्णिया के बनमनखी अनुमंडल अस्पताल से शुक्रवार को एक बच्चा गायब हो गया।बच्चा गायब होने के बाद अस्पताल व्यवस्थापकों में खलबली मच गई। जब अस्पताल के कर्मियों ने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो बच्चा को लेकर जाने वाले की पहचान की गयी। अस्पताल के एम ओ आई सी डाक्टर प्रिंस कुमार सुमन ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी ने माफी मांग ली है और लिखित माफीनामा भी दिया है। पीड़ित ने भी माफ करते हुए कोई कार्रवाई न करने ले लिखित आवेदन दिया है।

